Adda247 GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## CEN 07/2024 - मिनिस्ट्रियल और आइसोलेटेड कोटियाँ / CEN 07/2024 - Ministerial & Isolated Categories

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 12/09/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | ALL POST GRADUATE TEACHERS PGTs and TRAINED GRADUATE TEACHERS TGTs |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Professional Ability**

**Q.1** रेखीय प्रोग्रामिंग शैली ________ द्वारा विकसित की गई थी।

**Ans**
- ✗ A. क्राउडर (Crowder)
- ✗ B. प्रेसी (Pressey)
- ✗ C. थार्नडाइक (Thorndike)
- ✓ D. बीएफ स्किनर (BF Skinner)

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा, व्याख्यान विधि का एक भाग नहीं है?

**Ans**
- ✓ A. पूर्व ज्ञान (Prior knowledge)
- ✗ B. प्रस्तुतीकरण (Presentation)
- ✗ C. समापन (Closing up)
- ✗ D. परिचय (Introduction)

**Q.3** प्रसिद्ध शैक्षिक दार्शनिक, ______ ने 'मेरा शैक्षणिक मत (My Pedagogical Creed)' (1897) में अपनी धारणा व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल प्राथमिक रूप से एक सामाजिक संस्था है, शिक्षा एक सामाजिक प्रक्रिया है।

**Ans**
- ✗ A. अल्बर्ट एम स्मॉल (Albert M Small)
- ✗ B. पेस्टलोज़ी (Pestalozzi)
- ✓ C. जॉन डेवी (John Dewey)
- ✗ D. सुकरात (Socrates)

**Q.4** 'managing teaching-learning' (शिक्षण-अधिगम प्रबंधन) शब्द किसने पेश किया?

**Ans**
- ✗ A. लेव वायगोत्स्की (Lev Vygotsky)
- ✗ B. राल्फ टायलर (Ralph Tyler)
- ✗ C. हॉलिस रग्ग (Hollis Rugg)
- ✓ D. आई.के. डेविस (IK Devi)

**Q.5** कौन-सा, पाठ्यचर्या के संचालन में एक चरण नहीं है?

**Ans**
- ✗ A. मार्गदर्शन करना (Guiding)
- ✓ B. नियंत्रण करना (Controlling)
- ✗ C. आकलन करना (Assessing)
- ✗ D. योजना बनाना (Planning)

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

25,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Q.6 बच्चा किस महीने में अपनी पहुँच से बाहर के खिलौनों को छूने की कोशिश करता है और 'नहीं' पर प्रतिक्रिया देता है?

Ans
- ✗ A. 10
- ✗ B. 8
- ✓ C. 9
- ✗ D. 6

Q.7 विकास को __________ के रूप में सर्वोत्तम रूप से परिभाषित किया जा सकता है।

Ans
- ✗ A. शैक्षणिक ज्ञान के अधिग्रहण
- ✗ B. समय के साथ केवल शारीरिक वृद्धि
- ✓ C. परिपक्वता और अधिगम के बीच अन्योन्यक्रिया के परिणाम
- ✗ D. परिवेश से अप्रभावित एक निश्चित प्रक्रिया

Q.8 सामाजिक विचलन भी ________ के कारण ही सम्भव हो सका है क्योंकि जनसंचार ही इन्हें लोकप्रिय बनाया है।

Ans
- ✗ A. समुदाय
- ✗ B. स्कूल
- ✓ C. जनसंचार माध्यम
- ✗ D. साथी समूह

Q.9 शिक्षक-नियंत्रित अनुदेशन (teacher-controlled instruction) में शिक्षक की भूमिका क्या होती है?

Ans
- ✓ A. अनुदेश की योजना बनाने और उसे लागू करने में निर्णायक
- ✗ B. न्यूनतम और निष्क्रिय
- ✗ C. विद्यार्थियों को बिना किसी मार्गदर्शन के पूर्ण स्वतंत्रता प्रदान करना
- ✗ D. केवल विद्यार्थियों का मूल्यांकन करना

Q.10 निम्नलिखित में से किसे भारतीय समाज की प्रमुख आकांक्षा के रूप में पहचाना जाता है?

Ans
- ✓ A. राष्ट्रवाद
- ✗ B. क्षेत्रवाद
- ✗ C. पृथक्तावाद
- ✗ D. संप्रदायवाद

Q.11 प्रयोजनवाद (Pragmatism) के अनुसार, ज्ञान __________।

Ans
- ✗ A. केवल पुस्तकों द्वारा व्युत्पन्न होता है
- ✗ B. निरपेक्ष और अपरिवर्तनीय होता है
- ✗ C. अधिकार-प्राप्त व्यक्ति से प्राप्त एक उपहार है।
- ✓ D. गतिशील, व्यावहारिक होता है और अनुभव से इसकी परीक्षा की जाती है

Q.12 व्यावहारिकतावाद (pragmatism) के अनुसार, शिक्षा का उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✓ A. बच्चे की स्वाभाविक रुचियों और क्षमताओं के अनुरूप गतिशील मार्गदर्शन देना
- ✗ B. सामाजिक परंपराओं के आधार पर दिशा प्रदान करना
- ✗ C. तथ्यों को केवल रटने पर केंद्रित करना
- ✗ D. सख्त अनुशासन और निश्चित पाठ्यचर्या लागू करना

Q.13 शैक्षिक मनोविज्ञान के विषय-वस्तु के रूप में शिक्षार्थी के अध्ययन में _______ को छोड़कर शेष सभी शामिल है।

Ans
- ✗ A. शिक्षार्थी के सचेत और साथ ही साथ अनचेतनापूर्ण व्यवहार
- ✗ B. व्यक्तिगत अंतर और उनके माप
- ✗ C. व्यक्तियों की सहज (innate) क्षमताओं और क्षमताओं
- ✓ D. शिक्षार्थी के तंत्रिका तंत्र की संरचना और कार्यप्रणाली

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.14 अधिगमकर्ता-नियंत्रित अनुदेशन (learner-controlled instruction) में शिक्षक का योगदान मुख्यतः ______________ होता है।

Ans
- ✗ A. पूर्णतः अनुपस्थित
- ✓ B. प्रबंधक, सुगमकर्ता या गाइड के रूप में कार्य करना
- ✗ C. केवल अंतिम चरण में विद्यार्थियों का आकलन करना
- ✗ D. अधिगम के प्रत्येक चरण का निर्धारण करना

Q.15 बुद्धि में 'g फैक्टर' की अवधारणा से कौन-सा मनोवैज्ञानिक संबंधित है?

Ans
- ✗ A. जीन पियाजे (Jean Piaget)
- ✗ B. हॉवर्ड गार्डनर (Howard Gardner)
- ✗ C. रॉबर्ट स्टर्नबर्ग (Robert Sternberg)
- ✓ D. चार्ल्स स्पीयरमैन (Charles Spearman)

Q.16 भौतिक संस्कृति के साथ गैर-भौतिक संस्कृति की बराबरी में आने में होने वाली देरी का वर्णन करने के लिए 'सांस्कृतिक पश्चता' की अवधारणा किसने प्रस्तुत की?

Ans
- ✗ A. मैक्स वेबर (Max Weber)
- ✗ B. काल मार्क्स (Karl Marx)
- ✗ C. एमाइल दुर्खीम (Emile Durkheim)
- ✓ D. विलियम एफ ओगबर्न (William F Ogburn)

Q.17 निम्नलिखित में से कौन-सा कारक, बौद्धिक विकास को प्रभावित नहीं करता है?

Ans
- ✗ A. आनुवंशिक
- ✓ B. समुदाय
- ✗ C. सामाजिक-आर्थिक स्थिति
- ✗ D. प्राकृतिक पर्यावरण

Q.18 शैक्षिक मनोविज्ञान के दायरे में कौन-सा मुख्य क्षेत्र आता है?

Ans
- ✗ A. शिक्षार्थी क्रियाकलापों का समय निर्धारण करना
- ✓ B. शिक्षार्थी अभिप्रेरणा का अध्ययन करना
- ✗ C. शिक्षार्थी ग्रेड रिकॉर्ड करना
- ✗ D. शिक्षार्थी उपस्थिति को ट्रैक करना

Q.19 कौन-सा मापन श्रेणीबद्ध चरों के लिए उपयोग किया जाता है और इसमें कैटेगरी लेबल वाले स्कोर निर्दिष्ट करना शामिल होता है?

Ans
- ✓ A. नामित चरण (Nominal level)
- ✗ B. अनुपात चरण (Ratio level)
- ✗ C. क्रमसूचक चरण (Ordinal level)
- ✗ D. अंतराल चरण (Interval level)

Q.20 निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता, मंद शिक्षु (स्लो लर्नर) की विशेषता नहीं है?

Ans
- ✗ A. नियमित मार्गदर्शन और सहायता की आवश्यकता होती है।
- ✗ B. ध्यान केंद्रित करने की क्षमता कम होती है।
- ✓ C. बिना दोहराए, जल्दी सीखता है।
- ✗ D. अवधारणाओं को समझने के लिए अधिक समय की आवश्यकता होती है।

Q.21 स्कूल पाठ्यचर्या में संस्कृति और विरासत मानचित्रण को शामिल करने का मुख्य लाभ ________________ है।

Ans
- ✗ A. शैक्षणिक कार्यभार को कम करना
- ✗ B. विद्यार्थियों का वैश्विक संस्कृति से परिचय सीमित करना
- ✗ C. इतिहास और भूगोल विषयों का स्थान लेना
- ✓ D. विद्यार्थियों को स्थानीय विरासत को समझने और उसकी सराहना करने में सहायता करना

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.22 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, मूल्यों की प्रकृति (nature of values) का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
- ✗ A. वे केवल भौतिक लाभों से संबंधित हैं।
- ✓ B. ये मानव व्यवहार और क्रिया को विनियमित और मार्गदर्शन करते हैं।
- ✗ C. वे हमेशा समय और स्थान पर समान होते हैं।
- ✗ D. वे समाज द्वारा लगाए गए निश्चित नियम होते हैं।

Q.23 शिक्षा और शिक्षाशास्त्र के संदर्भ में, निम्नलिखित में से किसकी भूमिका बहुआयामी है?

Ans
- ✓ A. शिक्षक की
- ✗ B. सहोदर की
- ✗ C. शिक्षार्थी की
- ✗ D. माता-पिता की

Q.24 व्युत्पत्ति के अनुसार, शब्द "Democracy (लोकतंत्र)" दो ________ शब्दों से मिलकर बना है जिसमें पहला शब्द "Demos" का अर्थ है 'लोग (the people)', और दूसरा शब्द "Kratos" का अर्थ 'शक्ति (power)' है।

Ans
- ✗ A. संस्कृत
- ✗ B. फ्रेंच
- ✓ C. ग्रीक
- ✗ D. लैटिन

Q.25 किस प्रकार का मूल्यांकन, विद्यार्थियों के संबंध में सभी साक्ष्यों का विश्लेषण करके अधिगम में अपर्याप्तता की पहचान करता है और उपचारात्मक उपायों के लिए आधार प्रदान करता है?

Ans
- ✗ A. संदर्भित मानदंड
- ✗ B. सहयोग
- ✓ C. निदान
- ✗ D. प्रतिपुष्टि

Q.26 शिक्षक को एक प्रबंधक के रूप में शिक्षण के विभिन्न चरणों में दिए गए चरणों को क्रमानुसार व्यवस्थित करें।

1. परिणाम का विश्लेषण
2. अनुदेशनात्मक प्रणाली की योजना बनाना
3. अगले अनुदेशनात्मक सत्र हेतु पूर्व-शिक्षण चरण
4. एक मोड से दूसरे मोड में बदलने का निर्णय लेना

Ans
- ✗ A. 1-3-4-2
- ✓ B. 2-4-1-3
- ✗ C. 2-3-1-4
- ✗ D. 1-2-3-4

Q.27 शैक्षिक मनोविज्ञान में सबसे पुरानी विधि कौन-सी है?

Ans
- ✗ A. केस इतिहास विधि (Case history method)
- ✗ B. अवलोकन विधि (Observation method)
- ✗ C. प्रयोगात्मक विधि (Experimental method)
- ✓ D. अंतर्निरीक्षण विधि (Introspection method)

Q.28 'ethnic (संजातीय)' शब्द, ________ शब्द 'ethno' से व्युत्पन्न किया गया है, जिसका अर्थ 'राष्ट्र (nation)' होता है।

Ans
- ✓ A. ग्रीक
- ✗ B. इतालवी
- ✗ C. लैटिन
- ✗ D. फ्रेंच

Adda247

Q.29 संविधान का अनुच्छेद _________ प्रत्येक राज्य को निर्देश देता है कि वह भाषाई अल्पसंख्यक समूहों के बच्चों की शिक्षा के प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षण के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करे।

Ans
- ✗ A. 30(1)
- ✓ B. 350 A
- ✗ C. 29(2)
- ✗ D. 29(1)

Q.30 शिक्षण प्रदान करने के कौन-से माध्यम में विद्यार्थियों का क्रियामूलक अधिगम शामिल है?

Ans
- ✗ A. व्याख्यान
- ✗ B. वाचन
- ✓ C. प्रोजेक्ट
- ✗ D. नोट लेना

Q.31 पाठ्यचर्या में शब्द 'संव्यवहार (transaction)' का क्या अर्थ है?

Ans
- ✗ A. विद्यार्थी के प्रदर्शन का मूल्यांकन
- ✗ B. पाठ्यचर्या सामग्री की वित्तीय लागत
- ✗ C. स्कूल के कार्यक्रमों की योजना बनाना
- ✓ D. कक्षा में पाठ्यचर्या वितरित करने की प्रक्रिया

Q.32 मापन में सबसे बड़ी मापनी (highest scale) किसे कहा जाता है?

Ans
- ✗ A. अंतराल-मापनी (Interval scale)
- ✓ B. अनुपात मापनी (Ratio scale)
- ✗ C. नामित मापनी (Nominal scale)
- ✗ D. क्रमसूचक मापनी (Ordinal scale)

Q.33 बाल अधिकार सम्मेलन (CRC) का कौन-सा अनुच्छेद, इस बात पर बल देता है कि शिक्षा को बच्चे के पूर्ण विकास में योगदान देना चाहिए, जिसमें मानवाधिकारों के प्रति सम्मान, सहिष्णुता और सभी के बीच मित्रता शामिल है?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 23
- ✓ B. अनुच्छेद 29
- ✗ C. अनुच्छेद 31
- ✗ D. अनुच्छेद 28

Q.34 _________ ने शिक्षा के अधिकांश सिद्धांतों का समर्थन किया और साथ ही कार्य आधारित शिक्षा या सामाजिक रूप से उपयोगी उत्पादक कार्य पर विशेष जोर दिया।

Ans
- ✗ A. ताराचंद समिति (Tarachand Committee)
- ✗ B. विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (University Education Commission)
- ✗ C. यशपाल समिति (Yashpal Committee)
- ✓ D. ईश्वरभाई पटेल समिति (Ishwarbai Patel Committee)

Q.35 प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता को इष्टतम स्तर तक विकसित करने और सुधारने के लिए समान अवसर का संपूर्ण अधिकार है। यह विवरण, विशेष रूप से निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans
- ✓ A. समानता (Equality)
- ✗ B. न्याय (Justice)
- ✗ C. बंधुता (Fraternity)
- ✗ D. लोकतंत्र (Democracy)

Q.36 किसी बच्चे की शिक्षा में कौन-सा सामाजिक समूह सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है?

Ans
- ✗ A. स्कूल
- ✓ B. परिवार
- ✗ C. समसमूह
- ✗ D. समुदाय

Q.37 समाज के हित में स्वतंत्रता को सीमित किया जा सकता है, लेकिन अत्यधिक प्रतिबंध ________________।

Ans
- ✗ A. व्यष्टिगत संवृद्धि के लिए आवश्यक है
- ✗ B. लोकतांत्रिक मूल्यों को स्वतः ही मजबूत करता है
- ✓ C. दृढ़ एकरूपता लागू करते हैं और व्यष्टित्व का दमन करते हैं
- ✗ D. व्यष्टियों को उनकी सर्वोत्तम संभाव्यता प्राप्त करने में सहायता करते हैं

Q.38 किसी भी मानव समाज के सभी भौतिक और अभौतिक पहलू किस व्यापक शब्द में शामिल हैं?

Ans
- ✓ A. संस्कृति
- ✗ B. व्यवहार
- ✗ C. विशेषताएँ
- ✗ D. शिक्षा

Q.39 अमेरिकन एसोसिएशन ऑन मेंटल रिटार्डेशन (AAMR) के अनुसार, मध्यम मानसिक मंदता के लिए IQ स्तर क्या हैं?

Ans
- ✗ A. 30-40
- ✗ B. 22 से नीचे
- ✗ C. 60-70
- ✓ D. 40-50

Q.40 व्युत्पत्तिशास्त्र के अनुसार, 'democracy' शब्द दो ________ शब्दों से बना है - 'demos' जिसका अर्थ है 'लोग' और 'kratos' जिसका अर्थ है 'शक्ति'

Ans
- ✓ A. ग्रीक
- ✗ B. फ्रेंच
- ✗ C. स्पेनिश
- ✗ D. लैटिन

Adda247

Q.41 पाठ्यचर्या के संचालन का अर्थ क्या है?

Ans
- ✗ A. पाठ्यचर्या विकास के उपागम
- ✗ B. समावेशी पाठ्यचर्या
- ✗ C. पाठ्यचर्या का विकास
- ✓ D. क्रियान्वित पाठ्यचर्या का प्रबंधन

Q.42 शैक्षिक संस्थानों द्वारा अपनाई गई कौन सी रणनीति, विविधतापूर्ण कक्षा में सामाजिक एकीकरण को सर्वाधिक प्रभावी ढंग से बढ़ावा देती है?

Ans
- ✓ A. बहुसांस्कृतिक गतिविधियों और सहयोगात्मक परियोजनाओं का आयोजन करना
- ✗ B. एक ही राष्ट्रीय भाषा में परीक्षा आयोजित करना
- ✗ C. केवल क्षेत्रीय भाषाओं पर जोर देना
- ✗ D. बिना चर्चा के एक समान पाठ्यक्रम का पालन करना

Q.43 विद्यार्थी की आवश्यकता और क्षमता के अनुसार तैयार की गई केलेर योजना (Keller Plan) को _________ भी कहा जाता है।

Ans
- ✗ A. कंप्यूटर-सहायता प्राप्त अनुदेशन
- ✗ B. प्रोजेक्ट कार्य
- ✗ C. कंप्यूटर-प्रबंधित अनुदेशन
- ✓ D. अनुदेशन की व्यक्तिपरक प्रणाली

Q.44 किस भारतीय विचारक ने 'चरित्र निर्माण के लिए शिक्षा' पर जोर दिया और शांतिनिकेतन की स्थापना की?

Ans
- ✗ A. स्वामी विवेकानंद
- ✗ B. महात्मा गांधी
- ✓ C. रबीन्द्रनाथ टैगोर
- ✗ D. श्री अरबिंदो

Q.45 किस अवस्था में, बच्चे कम अहंकारी हो जाते हैं और यह सोचने लगते हैं कि दूसरे लोग उनके संबंध में क्या सोचते हैं?

Ans
- ✗ A. पूर्व संक्रियात्मक अवस्था
- ✗ B. औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था
- ✗ C. संवेदी-गामक अवस्था
- ✓ D. मूर्त संक्रियात्मक अवस्था

Q.46 शिक्षण शुरू होने से पूर्व, विद्यार्थियों की सामर्थ्य और कमजोरियों की पहचान करने हेतु मुख्यत: किस प्रकार के मूल्यांकन का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✓ A. नैदानिक मूल्यांकन (Diagnostic evaluation)
- ✗ B. रचनात्मक मूल्यांकन (Formative evaluation)
- ✗ C. मानक-संदर्भित मूल्यांकन (Norm-referenced evaluation)
- ✗ D. योगात्मक मूल्यांकन (Summative evaluation)

Q.47 निम्नलिखित में से कौन-सा, लोकतंत्र की प्रकृति नहीं है?

Ans
- ✗ A. आर्थिक
- ✗ B. नैतिक
- ✗ C. राजनीतिक
- ✓ D. ऐतिहासिक

Adda247

Q.48 निम्नलिखित में से कौन-सा, मूल्यांकन का सर्वोत्तम ढंग से वर्णन करता है?

Ans
- ✗ A. किसी परीक्षा में प्राप्त अंकों को रिकॉर्ड करना
- ✓ B. प्रदर्शन के मूल्य या महत्ता का आकलन करने के लिए एकत्रित आंकड़ों की व्याख्या करना
- ✗ C. विद्यार्थियों की लंबाई और वजन मापना
- ✗ D. प्रश्न पत्र तैयार करना

Q.49 किस प्रक्रिया में विद्यार्थियों के बारे में एकत्रित सभी साक्ष्यों का विश्लेषण करना शामिल है, ताकि विद्यार्थियों के अधिगम में अपर्याप्तता की पहचान की जा सके और उपचारात्मक उपायों के लिए आधार प्रदान किया जा सके?

Ans
- ✗ A. सहयोग
- ✓ B. निदान
- ✗ C. निरंतरता
- ✗ D. निकष संदर्भ

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.50** निम्नलिखित में से किसने शिक्षा को "बालक या मनुष्य में शरीर, मन और आत्मा में जो सर्वश्रेष्ठ है, उसका सर्वांगीण विकास (the all-round drawing out of the best in child and man's body, mind and soul)" के रूप में परिभाषित किया?

**Ans**
- ✗ A. रवीन्द्रनाथ टैगोर
- ✗ B. डॉ. एस राधाकृष्णन
- ✗ C. स्वामी विवेकानंद
- ✓ D. एम.के. गांधी

## Section : General Ability

**Q.51** निम्नलिखित में से कौन-सा नेता चरमपंथी चरण से संबंधित है?

**Ans**
- ✓ A. बाल गंगाधर तिलक
- ✗ B. महात्मा गांधी
- ✗ C. गोपाल कृष्ण गोखले
- ✗ D. दादाभाई नौरोजी

**Q.52** जुलाई 2025 में, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) ने META और NSDC द्वारा संयुक्त रूप से विकसित कौन-सा AI-संचालित चैटबॉट लॉन्च किया?

**Ans**
- ✗ A. पावर-एआई (Power-AI)
- ✓ B. स्किल इंडिया असिस्टेंट (Skill India Assistant)
- ✗ C. पावर एआई असिस्टेंट (Power AI Assistant)
- ✗ D. MSDE-एआई (MSDE-AI)

**Q.53** तीन मित्र A, B और C ने क्रमशः ₹6,000, ₹8,000 और ₹10,000 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया। यदि वर्ष के अंत में उनका कुल लाभ ₹12,000 है, तो C का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. ₹4,500
- ✓ B. ₹5,000
- ✗ C. ₹5,500
- ✗ D. ₹4,000

**Q.54** सुकेंद्रकी कोशिका में, आनुवंशिक जानकारी संवहन करने वाली सूत्रवत् संरचनाएँ मुख्यतः __________ में पाई जाती हैं।

**Ans**
- ✗ A. गोल्जी काय
- ✓ B. केन्द्रक
- ✗ C. कोशिकाद्रव्य
- ✗ D. राइबोसोम

**Q.55** भारत में उग्रवादी आंदोलन के उदय का तात्कालिक कारण निम्नलिखित में से क्या था?

**Ans**
- ✓ A. बंगाल विभाजन (1905)
- ✗ B. बाल गंगाधर तिलक की गिरफ्तारी (1908)
- ✗ C. जलियाँवाला बाग हत्याकांड (1919)
- ✗ D. रॉलेट एक्ट (1919) का पारित होना

**Q.56** यदि $\left(\frac{7}{11}\right)^{k-5} = \left(\frac{11}{7}\right)^{k-9}$ है, तो $2^k$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 64
- ✗ B. 256
- ✓ C. 128
- ✗ D. 32

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.57** निम्नलिखित में से कौन-सी पारिस्थितिक अवधारणा उस प्रक्रिया को सर्वोत्तम तरीके से परिभाषित करती है जिसके द्वारा जल निकाय पोषक-तत्वों, मुख्यतः नाइट्रोजन और फास्फोरस से अत्यधिक समृद्ध हो जाता है, जिससे शैवाल और अन्य साधारण पादप जीवन की अत्यधिक वृद्धि होती है?

Ans
- ✗ A. जैव संचयन
- ✗ B. पारिस्थितिक अनुक्रम
- ✓ C. सुपोषण
- ✗ D. जैव आवर्धन

**Q.58** किसी निश्चित कूट भाषा में, NOSE को EPTN लिखा जाता है और NOTE को EPUN लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में NAME को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans
- ✗ A. NBNE
- ✗ B. EMAN
- ✓ C. EBNN
- ✗ D. NAME

**Q.59** एक पाइप एक टैंक को 12 min में भर सकता है जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 21 min में खाली कर सकता है। यदि खाली टैंक में दोनों पाइपों को एक साथ चालू किया जाए, तो टैंक का एक-चौथाई भाग भरने में कितना समय (min में) लगेगा?

Ans
- ✗ A. 14
- ✓ B. 7
- ✗ C. 28
- ✗ D. 21

**Q.60** निम्नलिखित बंटन का माध्य क्या है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अंक | 14 | 37 | 60 | 79 | 97 |
| विद्यार्थियों की संख्या | 11 | 41 | 56 | 55 | 32 |

Ans
- ✗ A. 60
- ✓ B. 64
- ✗ C. 88
- ✗ D. 86

**Q.61** एक निश्चित कूट भाषा में, 'FIST' को '3962' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'SOFT' को '3562' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'O' का कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 6
- ✗ B. 9
- ✓ C. 5
- ✗ D. 2

**Q.62** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

33 A 3 C 4 B 2 D 4 A 2 = ?

Ans
- ✗ A. 14
- ✗ B. 19
- ✓ C. 17
- ✗ D. 11

**Q.63** अमरबेल (कस्कुटा) को परजीवी पादप क्यों कहा जाता है?

Ans
- ✗ A. यह प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से अपना भोजन स्वयं निर्मित करता है।
- ✗ B. यह नाइट्रोजन के लिए कीटों को ट्रैप करता है।
- ✗ C. यह मृदा में स्वतंत्र रूप से उगता है।
- ✓ D. यह पोषण के लिए परपोषी पादप पर निर्भर होता है।

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.64 एक उत्पादक के पास 5000J ऊर्जा है। यदि केवल 10% ऊर्जा का अंतरण पोषण स्तरों के बीच होता है, तो द्वितीयक उपभोक्ता को कितनी ऊर्जा उपलब्ध होगी?

Ans
- ✗ A. 500 J
- ✗ B. 5 J
- ✗ C. 25 J
- ✓ D. 50 J

Q.65 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. GFI
- ✗ B. AYC
- ✗ C. LJN
- ✗ D. USW

Q.66 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:

सभी मक्खियाँ, कीट हैं।
सभी कीट, लेज़र हैं।

निष्कर्ष:

(I) कुछ लेज़र, कीट हैं।
(II) सभी मक्खियाँ, लेज़र हैं।

Ans
- ✓ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.67 50 Ω, 50 Ω और 100 Ω के प्रतिरोधक एक परिपथ में श्रेणीक्रम में जुड़े हुए हैं। इन्हें परिपथ में _______ के एकल प्रतिरोधक से प्रतिस्थापित किया जा सकता है।

Ans
- ✗ A. 20 Ω
- ✗ B. 0.05 Ω
- ✗ C. 100 Ω
- ✓ D. 200 Ω

Q.68 ₹16,800 अंकित मूल्य वाला कोई मोबाइल फोन, ₹13,944 की धनराशि में बेचा जाता है। उस मोबाइल फोन की बिक्री पर प्रदान की गई प्रतिशत छूट ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 15%
- ✗ B. 16%
- ✓ C. 17%
- ✗ D. 18%

Q.69 तंबाकू चर्वण से संबंधित प्रमुख जोखिम क्या है?

Ans
- ✗ A. जोड़ों का दर्द
- ✗ B. त्वक् क्षोभ
- ✓ C. फुफ्फुसीय रोग और कैंसर
- ✗ D. पेशी ऐंठन

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.70 $tan\frac{20\pi}{21} - tan\frac{2\pi}{7} + \sqrt{3}tan\frac{2\pi}{7}\ tan\frac{20\pi}{21} = ?$

Ans
✔ A. $-\sqrt{3}$
✘ B. $\sqrt{3}$
✘ C. $\frac{1}{\sqrt{3}}$
✘ D. $-\frac{1}{\sqrt{3}}$

Q.71 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(198, 170, 142)
(214, 186, 158)

Ans
✘ A. (235, 207, 169)
✔ B. (142, 114, 86)
✘ C. (168, 140, 102)
✘ D. (116, 98, 86)

Q.72 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है। (सभी संख्याएं, केवल एक अंक वाली संख्याएं हैं।)

(बाएं) 4 7 5 8 9 2 8 7 1 6 8 2 9 8 5 2 8 2 6 4 4 7 8 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है तथा ठीक बाद भी एक विषम अंक है?

Ans
✘ A. दो
✘ B. एक
✔ C. एक भी नहीं
✘ D. तीन

Q.73 बजट घाटा क्या है?

Ans
✘ A. RBI द्वारा अतिरिक्त मुद्रा मुद्रित किया जाना
✘ B. राजकोषीय घाटा शून्य होना
✔ C. सरकार का व्यय उसकी आय से अधिक होना
✘ D. सरकार की आय उसके व्यय से अधिक होना

Q.74 अमित, अविनाश से कोई धनराशि, 5% वर्षिक साधारण ब्याज दर पर 2 वर्षों के लिए उधार पर लेता है। 2 वर्षों के बाद, वह लोन का पूर्ण भुगतान ₹6,666 की धनराशि से करता है। अमित द्वारा भुगतान किया गया ब्याज ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. ₹610
✘ B. ₹612
✘ C. ₹600
✔ D. ₹606

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.75 टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक बनाने वाला पहला भारतीय विकेटकीपर कौन है?

Ans
- ✗ A. रिद्धिमान साहा
- ✗ B. दिनेश कार्तिक
- ✓ C. ऋषभ पंत
- ✗ D. महेंद्र सिंह धोनी

Q.76 क्या होता है जब ध्वनि स्रोत का कंपन तीव्र हो जाता है?

Ans
- ✓ A. आवृत्ति और पिच दोनों बढ़ जाती हैं।
- ✗ B. आवृत्ति बढ़ जाती है, लेकिन पिच कम हो जाती है।
- ✗ C. कंपन की चाल चाहे जो भी हो, पिच समान रहती है।
- ✗ D. आवृत्ति और पिच (pitch) दोनों कम हो जाती हैं।

Q.77 बजट 2021-22 में COVID-19 वैक्सीन के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई?

Ans
- ✗ A. ₹50,000 करोड़
- ✗ B. ₹45,000 करोड़
- ✗ C. ₹25,000 करोड़
- ✓ D. ₹35,000 करोड़

Q.78 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, किसी निश्चित प्रकार से, RIAL का संबंध HYQB से है। उसी प्रकार, DUMX का संबंध TKCN से है। इसी तर्क के अनुसरण करते हुए, ZQIT का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✓ A. PGYJ
- ✗ B. PGTR
- ✗ C. PGTY
- ✗ D. PLKI

Q.79 A की आयु और B की आयु के 5 गुने का योग 36 वर्ष है। जब A की आयु के 3 गुने को B की आयु के 7 गुने में जोड़ा जाता है, तो परिणाम 62 वर्ष होता है। A और B की आयु का योग (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 13
- ✗ B. 16
- ✗ C. 12
- ✗ D. 18

Q.80 निम्नलिखित में से किस संशोधन द्वारा राज्यों पर भारतीय संविधान के भाग IX के प्रावधानों के अनुसार पंचायती राज अधिनियमों को अधिनियमित करने का संवैधानिक दायित्व डाला गया है?

Ans
- ✗ A. 91वाँ संशोधन, 2003
- ✗ B. 86वाँ संशोधन, 2002
- ✓ C. 73वाँ संशोधन, 1992
- ✗ D. 74वाँ संशोधन, 1992

Q.81 जून 2025 के उपचुनाव में विसावदर (गुजरात) विधानसभा क्षेत्र से जीतने वाले इटालिया गोपाल किस राजनीतिक दल का प्रतिनिधित्व करते हैं?

Ans
- ✗ A. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- ✗ B. बहुजन समाज पार्टी
- ✓ C. आम आदमी पार्टी
- ✗ D. भारतीय जनता पार्टी

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.82 भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य की तटीय परिसीमा सबसे लंबी है?

Ans
- ✗ A. आंध्र प्रदेश
- ✗ B. पश्चिम बंगाल
- ✓ C. गुजरात
- ✗ D. महाराष्ट्र

Q.83 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

FAT ZUN TOH NIB ?

Ans
- ✗ A. HVC
- ✗ B. HVG
- ✗ C. HGT
- ✓ D. HCV

Q.84 माजुली द्वीप भारत के किस राज्य में स्थित है?

Ans
- ✗ A. आंध्र प्रदेश
- ✗ B. पश्चिम बंगाल
- ✗ C. ओडिशा
- ✓ D. असम

Q.85 यह प्रश्न निम्नलिखित पदों पर आधारित है।
PAN YEW CRY URN
दाएं से दूसरे पद के दूसरे अक्षर और बाएं से दूसरे पद के तीसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✗ A. 6
- ✗ B. 5
- ✓ C. 4
- ✗ D. 8

Q.86 भारतीय संविधान के भाग VIII में, निम्नलिखित में से कौन-से अनुच्छेद केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित हैं?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 235 से 239
- ✗ B. अनुच्छेद 259 से 271
- ✓ C. अनुच्छेद 239 से 241
- ✗ D. अनुच्छेद 249 से 261

Q.87 राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत (DPSP) से संबंधित, निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, 1992 के 73वें संशोधन द्वारा लागू किया गया था?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 42
- ✗ B. अनुच्छेद 46
- ✓ C. अनुच्छेद 40
- ✗ D. अनुच्छेद 44

Q.88 सात बॉक्स E, F, G, H, S, T और U एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। G के ऊपर केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। E और G के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। E और U के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। U को G के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। T को U के ठीक नीचे रखा गया है। S को F के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। H को E के ठीक ऊपर या नीचे नहीं रखा गया है।
सबसे नीचे कौन-सा बॉक्स रखा गया है?

Ans
- ✗ A. T
- ✓ B. F
- ✗ C. E
- ✗ D. S

Adda247

Q.89 निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
(i) ठोस $CO_2$ को शुष्क बर्फ कहा जाता है।
(ii) ठोस $CO_2$, 1 atm दाब पर सीधे गैस में परिवर्तित हो जाती है।
(iii) दाब और तापमान, पदार्थ की अवस्था को परिवर्तित कर सकते हैं।
(iv) ठोस $CO_2$ गैस बनने से पहले द्रव $CO_2$ में पिघल जाती है।

Ans
✔ A. केवल (i), (ii) और (iii)
✗ B. केवल (i) और (iv)
✗ C. केवल (ii) और (iv)
✗ D. (i), (ii), (iii) और (iv)

Q.90 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन प्रकाश के एक पारदर्शी माध्यम से दूसरे पारदर्शी माध्यम में प्रवेश करने पर आपतित किरण, अपवर्तित किरण और आपतन बिंदु पर अभिलंब के बीच संबंध का सही वर्णन करता है?

Ans
✗ A. अभिलंब को छोड़कर, केवल आपतित और अपवर्तित किरणें एक ही तल में होते हैं।
✗ B. ये सभी यादृच्छिक रूप से विभिन्न दिशाओं में गति करते हैं।
✗ C. अभिलंब सदैव अपवर्तित किरण से 90° के कोण पर होता है।
✔ D. आपतित किरण, अपवर्तित किरण और अभिलंब सभी आपतन बिंदु पर एक ही तल में होते हैं।

Q.91 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से, GLAS का संबंध KPWO से है। उसी प्रकार, OTSK का संबंध SXOG से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, WBKC का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
✗ A. BEHZ
✗ B. ZGFX
✔ C. AFGY
✗ D. BDHY

Q.92 मई 2025 में, इसरो (ISRO) का 101वां प्रक्षेपण प्रयास, जो विफल रहा, किस उपग्रह को ले जा रहा था?

Ans
✗ A. EOS-02
✔ B. EOS-09
✗ C. EOS-08
✗ D. EOS-01

Q.93 निम्नलिखित में से किस संपीडित गैसों का उपयोग दैनिक जीवन में सामान्यतः की जाती हैं?

(i) खाना पकाने के लिए LPG
(ii) अस्पतालों में ऑक्सीजन
(iii) वाहनों में CNG
(iv) बोतलों में जल

Ans
✗ A. (i), (ii), (iii) और (iv)
✗ B. केवल (i) और (iii)
✗ C. केवल (ii) और (iv)
✔ D. केवल (i), (ii) और (iii)

Q.94 एक साइकिल चालक 2.5 घंटे तक 18 km/hr की चाल से यात्रा करता है। उसके द्वारा तय की गई दूरी ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 40 km
✗ B. 43 km
✗ C. 48 km
✔ D. 45 km

Adda247

**Q.95** यह प्रश्न निम्नलिखित पदों पर आधारित है।

(बाएं) ONE TWO BEN MUG (दाएं)

यदि प्रत्येक पद से पूर्व 'C' जोड़ दिया जाए, तो इनमें से कौन-सा पद अर्थपूर्ण अंग्रेजी पद बन जाएगा?

**Ans**
- ✔ A. केवल ONE
- ✘ B. MUG और ONE दोनों
- ✘ C. ONE और TWO दोनों
- ✘ D. केवल BEN

**Q.96** अभिकथन (A) और कारण (R) से क्रमांकित निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सत्य विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन (A): आयरन सल्फेट विलयन में तांबे का तार कोई दृश्य अभिक्रिया नहीं दर्शाता है।
कारण (R): तांबा, आयरन की तुलना में कम अभिक्रियाशील होता है।

**Ans**
- ✘ A. A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
- ✘ B. A असत्य है, लेकिन R सत्य है।
- ✔ C. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है।
- ✘ D. A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

**Q.97** A, B, C, D, P, Q और R एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A, R के ठीक बायीं ओर पड़ोस में बैठा है। B, D के ठीक बायीं ओर पड़ोस में बैठा है। D, Q के बायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। P, R के बायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है।
C के दायीं ओर चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**
- ✘ A. A
- ✘ B. D
- ✘ C. B
- ✔ D. Q

**Q.98** $\frac{\sqrt{0.01}}{\sqrt{0.0025}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. 2
- ✘ B. 7
- ✘ C. 16
- ✘ D. 22

**Q.99** यदि 'I' का अर्थ '+' है, 'J' का अर्थ '×' है, 'K' का अर्थ '÷' है, और 'L' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

6 K 2 J 4 L 3 I 9 = ?

**Ans**
- ✘ A. 23
- ✔ B. 18
- ✘ C. 30
- ✘ D. 26

**Q.100** 'सिद्धार्थ: द बॉय हू बिकेम द बुद्धा' (उपन्यास) पुस्तक किसने लिखी है जिसे अंग्रेजी में 2025 साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

**Ans**
- ✘ A. हरलीन कौर
- ✘ B. अनुराग भास्कर
- ✔ C. अद्वैत कोट्टारी
- ✘ D. कौशिक गोस्वामी

Adda247